# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , सोमवार,16 फरवरी 2026


## सुविचार



मस्तिष्क इन्द्रियों की अपेक्षा महान है, शुद्ध बुद्धिमत्ता मस्तिष्क से महान है, आत्मा बुद्धि से महान है, और आत्मा से बढ़कर कुछ भी नहीं है।
- स्वामी शिवानंद

## बरेली के प्रमुख समाचार


- श्यामगंज गल्ला मंडी : जहां होनी चाहिए रौनक, वहां धूल व गड्ढे-II
- 35 गांवों की महायोजना से बदलेगी तस्वीर-III
- रुविवि की प्रगति में शिक्षक और विद्यार्थियों की बड़ी भूमिका-IV


## सिटी ब्रीफ

### भागवत कथा के छठे दिन हुआ श्रीकृष्ण-रुकमणी विवाह

**बरेली, अमृत विचार :** हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर में आयोजित भागवत कथा के छठें दिन वृंदावन से आए स्वामी वरुण दास महाराज ने कृष्ण रुकमणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा में विवाह समारोह में के लिए महिलाएं सज-संवर के आयीं। विवाह समारोह के लिए सब नव-वधू के लिए तोहफे लाए। विवाह समारोह धूमधाम से मनाया गया। भागवत कथा का आयोजन पंजाबी महासभा महिला इकाई और श्री हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर की ओर से कराया जा रहा है। महिला अध्यक्ष मनीषा आहूजा ने सांतवें दिन कथा सुबह 10 बजे से शुरु होगी। इस दौरान मंदिर के अध्यक्ष राम सेठी, भावना सेठी, सिम्मी आनंद, पूनम अरोरा, पूजा नारंग, पवन नारंग बलविंदर कौर, सोनिया सेठी, सुमन अरोरा, रूमा गंभीर, कृष्णा नागपाल, रंजु अदलखा, पंडित शिव शंकर, अमित अरोड़ा आदि रहे।

### महाशिवरात्रि पर सोमनाथ मंदिर में भव्य आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में भक्ति और आस्था से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें प्रभात नगर, न्यू प्रभात नगर, जनकपुरी, कृष्णांचल कॉलोनी और राजेंद्र नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचे। भजन संध्या में पवन अरोड़ा, स्वस्ति, मधु, अंजू रस्तोगी, डॉ. योगेश शर्मा और डॉ. शरद अग्रवाल ने भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कवि रोहित राकेश ने कविता से भावविभोर किया। सामूहिक आरती के साथ पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। आशुतोष गोयल, रविंद्र शर्मा, भुवनेश अग्रवाल, यूसी रस्तोगी, तृप्ति शुक्ला, निरुपमा अग्रवाल, संजीव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### बैठक के बाद भजन कीर्तन कर प्रसाद का वितरण किया


**बरेली,अमृत विचार :** पर्वतीय सामाजिक सांस्कृतिक उत्थान समिति ने रविवार को अध्यक्ष जोहर सिंह रौतेला की देखरेख में विकास नगर कॉलोनी में बैठक की। बैठक के बाद महाशिवरात्रि पर्व के उपल्क्ष्य में भजन कीर्तन हुआ। बाद में प्रसाद वितरण किया गया। पर्वतीय समिति का होली का समारोह 8 मार्च को मनाया जाएगा। बैठक में जोहर सिंह, हेमंत, गिरीश पांडेय, पूरन जोशी, कुशाल सिंह राणा, मनोज जोशी, अनिल, उपाध्याय राजीव गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## शहर में आज

- होली पर होने वाली बमनपुरी में रामलीला को लेकर प्रेसवार्ता नरसिंह मंदिर बमनपुरी में दोपहर 3 :30 बजे।
- मानव सेवा क्लब की ओर से शिव भजन संध्या का आयोजन कमल टॉकीज परिसर के सभागार में शाम 4 :00 बजे।



महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लगी कतार। ● अमृत विचार



अलखनाथ मंदिर के बाहर लाइन में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# शिवमय हुई नाथ नगरी, मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## महाशिवरात्रि : शिवालयों में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक करने के लिए घंटों लाइन में लगे रहे श्रद्धालु, गूंजे जयकारे


कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर नाथ नगरी शिवमय नजर आई। श्रद्धा और भक्ति का ऐसा संगम देखने को मिला कि सूर्योदय से पहले ही शिवालयों में श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए। आधी रात से ही मंदिरों में लंबी कतारें लग गईं। हर-हर महादेव के जयकारे गूंजने लगे। भक्तों ने पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पूरे दिन मंदिरों के बाहर भक्तों की भीड़ रही। मंदिरों में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद रही। कांवड़ियों के लिए विशेष गलियारे बनाए गए, ताकि उन्हें दिक्कत न हो। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होती रही।

बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में आधी रात से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भोर में कपाट खुलते ही प्रधान पुजारी ने विधि-विधान से पूजन किया। हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, शहद, गंगाजल और बेलपत्र अर्पित कर जलाभिषेक किया। महिलाओं, बुजुर्गों और कांवड़ियों की विशेष भीड़ रही। अलखनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की कतार रेलवे लाइन तक पहुंच गई, जिसके चलते पुलिस को रूट डायवर्ट करना पड़ा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली। दिनभर जलाभिषेक का क्रम चलता रहा।

जोगीनवादा स्थित वनखंडीनाथ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। देर शाम तक दर्शन का सिलसिला जारी रहा। कैंट स्थित श्री धोपेश्वर नाथ मंदिर में भी भारी भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध नजर आए। भक्तों ने गंगाजल, दूध और बेलपत्र चढ़ाकर भोलेनाथ का पूजन किया। मंदिर में विशेष सजावट की गई। पीलीभीत बाईपास स्थित बाबा पशुपतिनाथ मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचने लगे। शाम तक मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भरा रहा। सुभाष नगर स्थित बाबा तपेश्वरनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर विशेष आकर्षण देखने को मिला। यहां भोलेनाथ का श्रृंगार रंग-बिरंगी सब्जियों से किया गया। भक्तों ने गंगाजल, दूध व पुष्प अर्पित कर जलाभिषेक किया। बाबा मढ़ीनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।



त्रिवटी नाथ मंदिर में लगी भक्तों की कतार। ● अमृत विचार

### स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात रही

**बरेली, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर शहर के नाथ मंदिरों में पुलिस के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी तैनात रहीं। मंदिरों में जलाभिषेक के लिए तड़के से ही भक्त पहुंचने लगे थे। मंदिर पहुंचे भक्तों में अचानक किसी की तबियत खराब हो जाए तो उसका उपचार करने के लिए स्वास्थ्य टीमें मौजूद थीं। सुबह से शाम तक वनखंडी नाथ, अलखनाथ, धोपेश्वर नाथ, मढ़ीनाथ समेत शहर के अन्य बड़े मंदिरों पर डाक्टरों के साथ स्टाफ मौजूद रहा।



महाशिवरात्रि पर धोपेश्वर नाथ मंदिर में आयोजित दीपदान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार







### डीएम ने अलखनाथ और त्रिवटीनाथ मंदिर का किया निरीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर डीएम अविनाश सिंह ने पत्नी रूबी सिंह के साथ अलखनाथ और त्रिवटी नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस दौरान डीएम ने मंदिरों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पीने के पानी और सुरक्षा प्रबंधों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिरों व शोभायात्रा मार्गों पर भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती को प्रभावी बनाने का भी ध्यान रखने को कहा, ताकि श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

### आनंद आश्रम में रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित आनंद आश्रम सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव शिवालय में महाशिवरात्रि पर भक्तों ने जलाभिषेक किया। बम-बम भोले के जयकारों से शिवालय गूंज उठा। शिवालय में शाम के समय पंडित राजीव कृष्ण शास्त्री ने रुद्राभिषेक कराया। तेरी याद में शिव जी मैं पूजा करने आया हूं.., तुम्ही हो दया मई दया करने वाली.. आदि भजनों के बाद आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। रुद्राभिषेक में अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, शशि कांत मोदी, संतोष अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल, दीपेश खंडेलवाल, छत्रपाल शर्मा, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



### देखो नंदी पर चढ़ के आया, भोले बाबा ने ब्याह रचाया

**बरेली, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर में शिव भक्तों की लंबी लाइनें लगी रही। रविवार को मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही शिव को जल अर्पण करने के लिए भक्तों की लाइनें लगने लगी। मंदिर के मुख्य पुजारी रमेश चंद्र और सुनील शास्त्री ने बाबा भोलेनाथ, युगल सरकार के साथ मां दुर्गा का श्रृंगार किया। मंदिर के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा और मंदिर प्रबंध समिति सचिव रवि छाबड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर हरि संकीर्तन मड़ल भजन संध्या की शुरुआत की। रवि छाबड़ा ने, ..बना दो मेरी बिगड़ी ओ भोले बाबा..., संजय आनंद ने ...देखो नंदी पर चढ़ के आया, भोले बाबा ने ब्याह रचाया.., सचिन सेठी ने डमरू बजाओ भोलेनाथ हमारे घर पर..., जतिन दुआ ने शिव शंकर अमली, भोले बाबा अमली.., पंकज ने बोली बोली रे कोयलिया हर हर महादेव.., विनोद भाटिया ने दर पे खड़ी हु पतंग बन के..,आदि भजनों का गायन किया। मंदिर प्रांगण में भक्तों ने नाचकर भोले बाबा की शादी का उत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर उपाध्यक्ष अश्विनी ओबेरॉय, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, योगेश ग्रोवर, अनिल चड्ढा, महिला मंडल, युवा मंडल आदि उपस्थित रहे।

# धोपेश्वर नाथ चौक पर शिव प्रतिमा का अनावरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कैंट स्थित श्री धोपेश्वर नाथ चौक पर स्थापित भगवान शिव की प्रतिमा का अनावरण कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने रविवार को विधि-विधान के साथ किया। अनावरण के अवसर पर उन्होंने कहा कि धोपेश्वर नाथ चौक नाथ नगरी में अपनी अलग पहचान बनाएगा।

उन्होंने क्षेत्रवासियों को अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर धोपेश्वर नाथ चौक का नाम लिखने की अपील की। चौक पर स्थित शिवजी की प्रतिमा शाम को रंग-बिरंगी रोशनी से लोगों का मन मोह रही थी। इस अवसर पर कैंट बोर्ड की सीईओ डॉ. तनु जैन, रक्षा संपदा अधिकारी शिल्पा ग्वाल, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, इंदु सेठी, मनोज यादव, मनोज तिवारी, राजकुमार शर्मा, लालमन आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रसाद का वितरण भी किया।



शिव प्रतिमा के अनावरण के दौरान विधायक संजीव अग्रवाल व अन्य।

श्रद्धा | बरेली जलाभिषेक समिति की ओर से हुआ आयोजन, महादेव के जयकारे गूंजते रहे

# सर्वार्थ सिद्धि योग में सप्तनाथ मंदिरों पर सामूहिक रुद्राभिषेक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर नाथ नगरी बरेली जलाभिषेक समिति की ओर से सात नाथ मंदिरों पर सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। महामृत्युंजय मंत्र के उच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने आस्था और उल्लास के साथ नाथ नगरी परिक्रमा में भाग लिया। दोपहर में सेठ गिरधारी लाल मंदिर श्यामगंज से गंगाजली और नंदी ध्वज के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई।

गणेश पूजन और नाथ नगरी चालीसा पाठ के बाद डमरू ध्वनि के बीच श्रद्धालु वाहन रैली के रूप में निकले। यात्रा वनखंडीनाथ मंदिर, बाबा पशुपतिनाथ मंदिर, धोपेश्वर नाथ मंदिर, तपेश्वरनाथ मंदिर, बाबा मढ़ीनाथ मंदिर, अलखनाथ मंदिर से होती हुई अंत में बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर पर पहुंची। जहां महाआरती हुई। आशुतोष शर्मा के निर्देशन में सातों मंदिरों पर रुद्राभिषेक कराया गया। इस दौरान महादेव के जयकारे गूंजते रहे।



नाथ नगरी परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### चौकी चौराहे पर लगवाई महादेव की प्रतिमा




**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए के आह्वान पर जिले की विभिन्न संस्थाओं को चौराहों एवं मार्गों के सुंदरीकरण का दायित्व सौंपा गया था। इस वर्ष की थीम नाथ नगरी रखी गई थी। आईएमए बरेली को चौकी चौराहा के सुंदरीकरण की जिम्मेदारी दी गई थी। आईएमए ने चौराहे को आकर्षक एवं भव्य रूप से सजाया। भगवान शिव की एक सुंदर प्रतिमा स्थापित की गई, जिसमें उनकी जटाओं से पुष्पों की धारा धरती पर प्रवाहित होती हुई दिखाई गई है। रविवार को इसका उद्घाटन वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. आईएस तोमर रहे। अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. शालिनी महेश्वरी समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।




अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# श्यामगंज गल्ला मंडी : जहां होनी चाहिए रौनक, वहां धूल व गड्ढे

## थोक और फुटकर दुकानदारों का काम हुआ आधा, मुश्किलें कम नहीं हो रहीं, होली का त्योहार नजदीक, मगर बदहाल रास्तों के चलते ग्राहक बना रहे दूरी

- साहू गोपीनाथ से फ्लाईओवर तक पेयजल लाइन बिछाने के बाद हालात बदतर

कार्यालय संवाददाता, बरेली




श्यामगंज गल्ला मंडी में उखड़ी सड़क के कारण लोगों को आवाजाही में हो रही परेशानी। ● अमृत विचार



रोड किनारे पड़े मलबे को अभी तक हटाया नहीं गया है। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली नजदीक है, मगर श्यामगंज गल्ला मंडी में रौनक नहीं है। ग्राहकों की आमद बढ़ने की बजाय कम हो गई है। वहां उड़ती धूल और गड्ढों से हालात बद से बदतर हैं। नगर निगम के जलकल विभाग ने पेयजल पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़क को इस कदर उधेड़ा कि व्यापारियों और आमजन दोनों की सहूलियतें धरी की धरी रह गईं। खोदकर छोड़ी गईं सड़कों की अभी तक मरम्मत नहीं कराई गई है। इसके चलते लोग चोटिल हो रहे हैं। दुकानदार और ग्राहक परेशान हैं।

जनवरी माह में साहू गोपीनाथ कॉलेज से फ्लाईओवर तक पाइपलाइन की खोदाई शुरू करने से पहले नगर निगम के जलकल विभाग ने 15 दिनों में सड़क दुरुस्त करने का दावा किया था, लेकिन एक महीना बाद भी सड़क की हालत नहीं सुधरी है। व्यापारियों का कहना है कि जहां पहले मंडी की गलियां रौनक से भरी रहती थीं, अब वही रास्ते बदहाल हैं। कई दुकानदार आशंकित रहते हैं कि कहीं कोई गंभीर दुर्घटना न हो जाए। सड़क पर गड्ढों और धूल का आलम ऐसा है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। आए दिन राहगीर चोटिल होते रहते हैं। होली नजदीक है। मंडी में ग्राहकों की भीड़ होनी चाहिए मगर, वहां सिर्फ अफरा-तफरी नजर आती है। व्यापारियों की परेशानियां सीधे शहर के अन्य हिस्सों पर असर डाल रही हैं, क्योंकि पूरा शहर श्यामगंज मंडी पर निर्भर है। ग्राहक दुकानों तक पहुंचने में हिचक रहे हैं, कारोबार प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



श्यामगंज गल्ला मंडी के रास्तों की हालत खस्ता है। सुबह दुकान खोलते ही धूल की परत साफ करनी पड़ती है। ग्राहक गाड़ी पार्क नहीं कर पाते और जाम में फंसकर लौट जाते हैं। रोजाना बिक्री आधी रह गई है।अगर यही हाल रहा तो त्योहारी सीजन में भी घाटे में जाना तय है।
**-प्रतुल अग्रवाल**, व्यापारी



पाइपलाइन डालना जरूरी है, लेकिन सड़क अधूरी छोड़ना लापरवाही है। दिनभर उड़ती धूल से दुकान का सामान खराब होता है। महिलाएं और बुजुर्ग ग्राहक आने से बच रहे हैं। लग रहा है व्यापारी और आमजन की परेशानी किसी की प्राथमिकता ही नहीं है।
**-अमन अग्रवाल**, व्यापारी



त्योहार का समय हमारे लिए साल की सबसे बड़ी कमाई लेकर आता है, मगर इस बार हालात उलट हैं। सड़क बदहाल होने की वजह से कोई न कोई बाइक सवार फिसल जाता है। नगर निगम को समझना चाहिए कि यह सिर्फ सड़क नहीं, पूरे शहर की सप्लाई लाइन है।
**-संतोष अग्रवाल**, व्यापारी



ग्राहकों का दुकान तक पहुंचना ही चुनौती बन गया है। गल्ला मंडी में रोज लाखों का लेनदेन होता है। हम टैक्स समय पर देते हैं, लेकिन बदले में सुविधा शून्य मिलती दिखाई दे रही हैं। त्योहार में जहां बिक्री बढ़नी चाहिए थी, वहां ग्राहक अब दूरी बना रहे हैं। **-गुलशन सब्बरवाल**, अध्यक्ष, बरेली किराना कमेटी

## एमजेपीआरयू के पूर्व वित्त अधिकारी लापता, पुलिस जांच में जुटी

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपीआरयू के पूर्व वित्त अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा (61) लापता हो गए हैं। वह 12 फरवरी की शाम लगभग 7 बजे थाना प्रेमनगर क्षेत्र के इन्दिरा नगर स्थित घर से टहलने निकले थे, लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला है। इससे परिजन चिंतित हैं।

उनका कहना है कि घर से निकलने के बाद देर रात तक लौटने पर बेटे वैभव कुमार शर्मा ने रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। मामले पर एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर थाना प्रेमनगर पुलिस सक्रिय हो गई है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह और चौकी प्रभारी शुभम सिंह के नेतृत्व में संभावित मार्गों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस बरेली के साथ बदायूं आदि स्थानों के अस्पतालों, धर्मशालाओं और होटलों में भी पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजेंद्र कुमार शर्मा धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहते थे। ऐसे में धार्मिक स्थलों और गंगा स्नान घाटों पर भी तलाश तेज की जा रही है।

## बवाल के चश्मदीद की सुपारी देने के आरोपी को हाईकोर्ट से झटका

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश, गिरफ्त से दूर है साजिद

**अमृत विचार :** बवाल के चश्मदीद की सुपारी देकर हत्या कराने की कोशिश करने वाले साजिद सकलैनी को हाईकोर्ट से झटका लगा है। आरोपी साजिद ने दर्ज मुकदमे को रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान पुलिस के सबूत देखकर साजिद के अधिवक्ता ने ही हाईकोर्ट से याचिका वापस ले ली। उधर, पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

बारादरी थाना क्षेत्र के चक महमूद निवासी फिरदौस खां ने 26 सितंबर 2025 को हुए बवाल के मुकदमों की कार्रवाई में पुलिस प्रशासन की मदद की थी। कई मुकदमों में गवाही भी दी थी। इस वजह से बवाल का आरोपी पार्षद अनीस सकलैनी उनसे रंजिश मानने लगा। अनीस को बवाल के आरोप में जेल भेजा गया था। आरोप है कि 18 दिसंबर 2025 को अनीस का बेटा अदनान, साजिद सकलैनी, नदीम खां, बबलू खां, मोबीन कुरैशी, नईम कुरैशी, फैजान कुरैशी, यासमीन और फुरकान ने फिरदौस खां को रोक लिया। इन लोगों ने फिरदौस को धमकाया। आरोप है कि इसके बाद जेल में बंद अनीस ने पत्नी यासमीन संग मिलकर फिरदौस की हत्या करने की साजिश रची। फिरदौस को भनक लगी तो उन्होंने बारादरी थाने में मामला दर्ज कराया था। प्रकरण की विवेचना इंस्पेक्टर संजय धीर कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने पीलीभीत के सुपारी किलर गैंगस्टर को जेल भेजा था। मुकदमे का आरोपी साजिद सकलैनी उर्फ मोहम्मद साजिद एफआईआर रद्द कराने हाईकोर्ट चला गया था। फिलहाल, अब पुलिस साजिद समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की तैयारी में जुटी है।

## तीन दिन पहले खुले कैफे में चल रही थी शराब और हुक्का पार्टी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रेमनगर पुलिस ने आबकारी टीम के साथ मारा छापा
- दो युवकों को पकड़ा, दो आरोपी फरार, चार हुक्के बरामद

**अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले खुले नए कैफे में खुलेआम शराब और हुक्का पार्टी चल रही थी। पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो युवक भागने में सफल रहे। चारों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्रेमनगर पुलिस ने शनिवार को आबकारी विभाग की टीम के साथ एसएसडी प्लाजा के पास द शीशी ओसिस कैफे में छापा मारा। यह कैफे तीन दिन पहले ही खुला था। कैफे के सीढ़ियों पर बिठाकर शराब और हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस ने इज्जतनगर के कंजादासपुर निवासी अनस और नगरिया परीक्षित निवासी सुहैल को गिरफ्तार कर लिया। इनके साथ पार्टी कर रहे इज्जतनगर परतापुर चौधरी निवासी राजा खान उर्फ उवैश खान और फरीदापुर निवासी अनस खान फरार हो गए। इनके पास से दो शराब की बोतल और दो हुक्का बरामद हुए। वहीं कैफे में शराब की बोतलें और हुक्का रखे थे। पुलिस ने चार हुक्के, दो शराब की बोतल और 50 फिल्टर पाइप बरामद किए। पुलिस ने चार नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।


सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें




बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223


### सिटी ब्रीफ

#### नशे के दो सौदागर गिरफ्तार, 4 किलोग्राम डोडा पाउडर बरामद

**बरेली/बहेड़ी, अमृत विचार :** पुलिस ने नशे के दो सौदागरों को गिरफ्तार किया है। एक के पास पुलिस ने सुल्फा तो दूसरे के पास डोडा चूरा पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है। जानकारी के मुताबिक सैदपुर की नहर की पुलिया के पास एक व्यक्ति को पुलिस ने संदिग्ध हालत में पकड़ा। तलाशी में उसके पास 240ग्राम सुल्फा बरामद हुआ। पकड़ा गया व्यक्ति पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी के गांव भिखारीपुर का सैफुल्लाह है। नशे का दूसरा सौदागर पीलीभीत के मोहल्ला भूरे खां का इक़बाल है। पुलिस ने इसे उत्तराखंड बॉर्डर के पास बिरिया रोड़ पर पकड़ा। इसके पास से पुलिस को करीब 4किलोग्राम डोडा पाउडर बरामद हुआ।

#### 502 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया

**बरेली/मीरगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने 502 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल और कीपैड मोबाइल फोन भी बरामद किया है। गत रात थाना क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से आ रहे एक व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 502 ग्राम स्मैक बरामद हुई तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज उपाध्याय उर्फ पंकज शर्मा पुत्र राजेश्वर, निवासी ग्राम गुलड़िया, थाना मीरगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ससुराली बोले-दहेज नहीं लाई, ऊपर से लड़की पैदा कर दी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में प्रेमविवाह करने के बाद लड़की होने पर ससुराल वालों ने महिला को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं ससुराल वाले बोले-दहेज तो लाई नहीं और लड़की और पैदा कर दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने जगदीश, जावित्री देवी, सूरज, रीता समेत पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बसंत विहार निवासी सपना ने बताया कि कैंट मोहनपुर निवासी उमेश से भाभी के घर जाने के दौरान जान पहचान हुई थी। उमेश ने प्रेमजाल में फंसाकर मंदिर में शादी कर ली और अपने घर ले गया। ससुराल वाले प्रेम विवाह से खुश नहीं थे, इसलिए बसंत विहार में किराए पर कमरा लेकर रहने लगे। इसके बाद उमेश के परिजनों ने उमेश पर बंदिश लगा दी। जब पुत्री को जन्म दिया तो ससुराल वाले बोले कि दहेज तो लाई नहीं ऊपर से लड़की पैदा कर हमें बर्बाद कर दिया। 12 फरवरी को ससुराल वाले अचानक सपना के कमरे में घुस आए और पांच लाख रुपये दहेज मांगने लगे। सपना ने बताया कि उसके माता पिता की मौत हो चुकी है ऐसे में दहेज नहीं दे सकती। ससुराल वालों ने सपना और उसकी बहन की पिटाई कर दी। सपना ने बताया कि कैंट मोहनपुर निवासी उमेश से भाभी के घर जाने के दौरान जान पहचान हुई थी। उमेश ने प्रेमजाल में फंसाकर मंदिर में शादी कर ली और अपने घर ले गया। ससुराल वाले प्रेम विवाह से खुश नहीं थे, इसलिए बसंत विहार में किराए पर कमरा लेकर रहने लगे। उमेश के परिजनों ने उमेश पर बंदिश लगा दी। जब पुत्री को जन्म दिया तो ससुराल वाले बोले कि दहेज तो लाई नहीं ऊपर से लड़की पैदा कर हमें बर्बाद कर दिया। 12 फरवरी को ससुराल वाले अचानक सपना के कमरे में घुस आए और पांच लाख रुपये दहेज मांगने लगे।

### शराब पीकर पत्नी को पीटा, चार पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में युवक ने शराब पीकर पत्नी को पीटा। शिकायत करने पर ससुरालियों ने महिला को घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। संजय नगर निवासी देवकी ने बताया कि 30 अप्रैल 2025 को उसका विवाह राहुल शर्मा निवासी उत्तम नगर नई दिल्ली के साथ वृंदावन में हुआ था। आरोप है कि विदा होने के बाद पति राहुल उसे दिल्ली लेकर चला गया। वहां पर आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। आरोप है कि विरोध करने पर राहुल, सास लक्ष्मी शर्मा, ससुर अशोक शर्मा, ननद हर्षिता ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दहेज में दो लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पीटकर उसे घर से निकाल दिया।

## खुलेआम घूम रहा जिला बदर अपराधी पुलिस ने आंखें मूंदी

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र में एक जिला बदर खुलेआम घूम रहा है। साथ ही वह घर पर रहकर पूरी तरह से मौज कर रहा है। मगर पुलिस आंख मूंद कर बैठी है। उसके जिला बदर होने के आदेश की कॉपी भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

गांव अटरिया निवासी सोमपाल लोधी करीब एक दर्जन मुकदमों में वांछित है। उसका बेटा सुभाष लोधी एक हिस्ट्रीशटर शातिर अपराधी है, जो इन दिनों जेल में बंद है। सोमपाल लोधी आए दिन क्षेत्र में दहशत फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश करता है। इस कारण क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सोमपाल लोधी के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी की गई थी। अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर ने 10 फरवरी को सोमपाल को छह माह के लिए जिला बदर करने के लिए पुलिस को आदेश दिए थे।

**उपलब्धि** | एसएसपी अनुराग आर्य की मॉनिटरिंग लाई रंग, रिकवरी प्रतिशत 59 .36 रहा

## गुम मोबाइलों की बरामदगी में प्रदेश में बरेली नंबर वन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जनवरी में 219 मामले मोबाइल ट्रेस के लिए हुए थे दर्ज, 130 मोबाइल किए बरामद



**अमृत विचार :** मोबाइल गुम हो जाएं तो आम आदमी उसे मिलने की उम्मीद छोड़ देता है, लेकिन बरेली पुलिस ने यह सोच बदल दी है। जनवरी में खोए मोबाइल खोजकर लोगों को लौटाने में बरेली ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह एसएसपी अनुराग आर्य की मॉनिटरिंग और कार्रवाई के दम पर हुआ है।

जनवरी में कुल 219 मामले मोबाइल ट्रेस के लिए दर्ज हुए। इनमें से 130 मोबाइल बरामद कर सीधे उनके मालिकों के हाथ में सौंप दिए गए। रिकवरी प्रतिशत 59.36 रहा, जबकि बरामद मोबाइल की संख्या के आधार पर वॉल्यूम स्कोर सौ प्रतिशत रहा। सत्तर-तीस के फार्मूले से निकला अंतिम स्कोर 71.55 रहा, जिसने बरेली को प्रदेश में पहला स्थान दिलाया।

पहले मोबाइल गुम होने पर लोग थाने के चक्कर काटते थे। अब तस्वीर बदली हुई है। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस टीम सक्रिय होती है। आईएमईआई नंबर के जरिए ट्रेसिंग, नेटवर्क कंपनियों से तालमेल और लगातार फॉलोअप और इसी रणनीति ने नतीजे बदले। एसएसपी की निगरानी में थानों को साफ संदेश दिया गया कि मोबाइल गुमशुदगी को हल्के में लेने की गलती बर्दाश्त नहीं होगी। साइबर सेल ने तकनीकी जांच और डिजिटल ट्रैकिंग के जरिए मोबाइल की लोकेशन खंगाली। कई मोबाइल दूसरे जनपदों से भी बरामद किए गए। खोए मोबाइल की वापसी ने साबित कर दिया कि जब निगरानी सख्त हो और मंशा साफ हो, तो नतीजे भी नंबर वन ही आते हैं।



यह सिलसिला यहीं नहीं रुकेगा। मोबाइल गुम होने पर लोगों को तुरंत सूचना देने और आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखने की सलाह दी जा रही है। **- अनुराग आर्य**, एसएसपी

सिटी ब्रीफ

### बाइक गिरने से युवक की मौत

बरेली/फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : गांव बल्लियां पश्चिमी में रोड पर अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी ।पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शनिवार देर रात गांव बल्लियां पश्चिमी निवासी सुरेन्द्र (32) धनेटा फाटक से शराब के नशे में धुत होकर अपने घर बाइक के द्वारा लौट रहा था। दिल्ली हाइवे से गांव को जाने वाले सर्विस रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर रोड पर गिरने से गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे इलाके के एक मेडिकल कालेज ले गये। जहां डाक्टर ने वेंटिलेटर पर ले जाने की बात कही तब परिजन धन के अभाव के कारण उसे घर ले आए। फिर एम्बुलेंस के द्वारा वह खिरका सीएचसी पर ले गये। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### बैनामे में गड़बड़ी का आरोप, स्टांप शुल्क में हेराफेरी की जांच की मांग


बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार : गांव याकूबपुर निवासी धर्मपाल गंगवार ने एडीएम वित्त से शिकायत कर एक प्लॉट के बैनामे में स्टांप शुल्क की कथित चोरी का आरोप लगाया है। शिकायत के मुताबिक ग्राम नरहरपुर गौरीखेड़ा की एक महिला ने बीजमऊ रोड स्थित प्लॉट का बैनामा कराया है। आरोप है कि दस्तावेज में प्लॉट को 6 मीटर चौड़े मार्ग पर दर्शाया गया, वास्तविकता में उक्त प्लॉट 9 मीटर से अधिक चौड़े लिंक मार्ग पर स्थित है। इससे स्टांप शुल्क कम आंका गया होने की आशंका जताई गई है। आरोप है कि इस प्रक्रिया में संबंधित कर्मचारियों की मिलीभगत से राजस्व को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने एडीएम वित्त से मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग की है।

# टी-20 वर्ल्ड कपः भारत की जीत पर 'नाथ नगरी' में मनी दिवाली

- भारत ने कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में हुए मैच में पाकिस्तान को 61 रनो से हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली


टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान पर धमाकेदार जीत के बाद आतिशबाजी करते नाथ नगरी बरेली के युवा। ● अमृत विचार


भारत की जीत पर पटाखे फोड़ता युवक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारत और पाकिस्तान के बीच महाशिवरात्रि हुए रोमांचक मुकाबले में टीम इंडिया की शानदार जीत के बाद बरेली का कोना-कोना ''भारत माता की जय'' और ''वंदे मातरम'' के उद्घोष से गूंज उठा। जैसे-जैसे पाकिस्तान के विकेट गिर रहे थे वैसे-वैसे ही क्रिकेट प्रेमियों का जोश परवान चढ़ता जा रहा था। महाशिवरात्रि की रात दिवाली उत्सव जैसा माहौल बन गया। भारत ने पाकिस्तान पर जीत दर्ज कर के अंतिम 8 में अपनी जगह पक्की कर ली।

शहर के मुख्य चौराहे कुतुबखाना और नॉवल्टी पर भारत के जीतते ही युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हाथों में तिरंगा लिए सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी सड़कों पर उतर आए और ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके। सिविल लाइंस और डीडीपुरम जैसे इलाकों में आतिशबाजी का नजारा ऐसा था, मानों शहर ने महाशिवरात्रि पर ही दीवाली मना ली हो। स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि पाकिस्तान के खिलाफ जीत सिर्फ एक मैच की जीत नहीं, बल्कि बरेली के हर खेल प्रेमी का गर्व है।

शहर के हृदय स्थल कोहाड़ापीर और बारादरी में लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। कई जगहों पर बड़ी स्क्रीन लगाकर मैच देख रहे प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बरेली के उत्साही युवाओं ने ''चक दे इंडिया'' के गानों पर देर रात तक जश्न मनाया। प्रशासन भी इस दौरान मुस्तैद रहा, लेकिन खेल भावना और जीत की खुशी के आगे हर कोई बस भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना करता नजर आया।

## सनसिटी विस्तार में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**बरेली, अमृत विचारः** सनसिटी विस्तार कॉलोनी में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। हार्टमैन रोड स्थित कलेक्शन सेंटर के संचालक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में क्षेत्रवासियों को कोलेस्ट्रॉल सहित स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई और उन्हें स्वास्थ्य जागरूकता किया। शिविर में कॉलोनी के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर निशुल्क जांच का लाभ उठाया। विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, महानगर प्रचारक मयंक साधु, आशीष सक्सेना, विशेष कुमार प्रदीप सक्सेना, डॉ विकास वर्मा, देवेंद्र सिंह, उपस्थित रहे।

# 35 गांवों की महायोजना से बदलेगी तस्वीर

## शहर जैसी सुविधाएं मिलेंगी, 264 से बढ़कर 299 गांव तक हो जाएगा बीडीए का कार्यक्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- इन गावों की महायोजना तैयार करने को मार्स एजेंसी चयनित
- आवासीय योजना, सड़क, अस्पताल, पार्क और स्कूल को मिलेगी प्राथमिकता
- भू-उपयोग तय होने के साथ अवैध निर्माण पर भी होगी सख्ती

शहर की सीमा से सटे गांव अब बदलाव की दहलीज पर खड़े हैं। बरेली विकास प्राधिकरण ने 35 नए गांवों के लिए महायोजना तैयार करने के लिए मार्स एजेंसी का चयन कर विकास को रफ्तार दे दी है। तकनीकी परीक्षण और विस्तृत मूल्यांकन के बाद इस एजेंसी का चयन किया गया है। अधिकारियों के अनुसार चयनित एजेंसी शीघ्र ही विस्तारित महायोजना तैयार कर प्राधिकरण को सौंपेगी, जिससे इन गांवों में विकास कार्यों का रास्ता पूरी तरह साफ हो जाएगा।

बीडीए के अधिकारियों का कहना है कि बीते वर्ष अपने अधिकार क्षेत्र को 264 से बढ़ाकर 299 गांवों तक विस्तारित करने का जो दूरदर्शी निर्णय लिया था, वह अब जमीनी हकीकत में बदलता दिखाई दे रहा है। 579 वर्ग किलोमीटर में फैले इस विस्तारित क्षेत्र के लिए महायोजना-2031 की तर्ज पर सुनियोजित खाका तैयार किया जाएगा, जिसमें आवासीय योजनाएं, चौड़ी और सुदृढ़ सीसी सड़कें, आधुनिक अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स, पार्क, खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक सुविधाएं शामिल होंगी।

मुख्य अभियंता एपीन सिंह का कहना है कि शहर से सटे गांवों को शहरी सुविधाओं से जोड़ने की यह पहल न केवल आधारभूत ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि ग्रामीण और शहरी विकास के बीच की दूरी भी कम करेगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और संपत्तियों का व्यवस्थित मूल्यांकन संभव हो सकेगा। यही नहीं महायोजना लागू होने के साथ ही भू-उपयोग का स्पष्ट निर्धारण किया जाएगा, जिससे अवैध और अनियोजित निर्माण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सकेगा। पहले से बने भवनों को कंपाउंडिंग शुल्क जमा कर नियमित कराने की सुविधा दी जाएगी, जबकि नए निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति अनिवार्य होगी। दावा है कि यह कदम आने वाले वर्षों में बरेली के विस्तारित क्षेत्र को आधुनिक, सुरक्षित और समृद्ध पहचान दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

### इन नए गांव की बन रही विस्तारित महायोजना

बदायूं रोड पर अखा, भोजपुर, चाढपुर, अखा मुस्तिकल, रफियाबाद, आलमपुर जाफराबाद, कोहनी परतापुर, कैमुआ, नवदिया, मजनूपुर, सरदार नगर, बदरई कुईया, वाहनपुर, मिलक मंशारामपुर, शाहजहांपुर रोड पर दहलऊ ई. जेढ़, जेड़, उदयपुर मोहनलाल, मकसूदनपुर, समोची ई. जेढ़, मेगीनगला, सराय पट्टी सब्दलपुर, रसुइया, गौसगंज सराय, खमरिया ई-जेढ़, नौगवां, सरकड़ा, नवदिहा देहा जब्ती, बाहनपुर, इनायतपुर, मटिया नगला गांव को विस्तारीकरण में लिया गया है। बीसलपुर रोड पर लवहरी, भगौतीपुर, कमुआ कला, नरोत्तम नगला व पीलीभीत बाईपास रोड स्थित भीकमपुर को शामिल किया गया है।

## आरोग्य मेले में पहुंचे वायरल और त्वचा रोग के मरीज

कार्यालय संवादादाता, बरेली


मरीजों की जांच करतीं डॉ. रुचि जौहरी।

- मौसम बदलने से बढ़ी वायरल के मरीजों की संख्या

**अमृत विचारः** जिले के सीएचसी और पीएचसी स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान डाक्टरों की टीम सुबह से वहां पहुंच गई। इसके बाद मरीजों का चेकअप करके उन्हें दवाई दी गई।

रविवार को लगने वाले आरोग्य मेले सभी सीएचसी और पीएससी केंद्रों पर सुबह से ही डाक्टरों की टीमें पहुंच गई। बदलते मौसम में सबसे अधिक मरीजों की संख्या वायरल फीवर वालों की थी। डाक्टरों ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण करके उन्हें दवाईयां दी। खांसी-जुकाम के साथ साथ त्वचा रोग से पीड़ित लोग भी आरोग्य मेले में पहुंचे और अपना डाक्टरों से अपनी समस्या को बताया। मढ़ीनाथ सेंटर पर बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। वहां तैनात डॉक्टर रुचि ने बताया कि उनके यहां सुबह से ही मरीज आते रहे। लोगों को जानकारी है रविवार को आरोग्य मेला लगता है। इसलिए वह केंद्र पर समय से आ जाते हैं।

## सत्याग्रह के बाद किसानों ने निकाला मशाल जुलूस


मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल हुए किसान। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचारः** किसानों ने एक महीने के शांतिपूर्ण सत्याग्रह के बाद सोमवार को मशाल जुलूस निकाला। यह जुलूस उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के गोदाम से लगभग दस हजार क्विंटल गेहूं-धान बीज की कथित लूट के खिलाफ निकाला गया। किसानों का आरोप है कि दो कंपनियों के निदेशकों ने मिलकर लगभग चार करोड़ रुपये की फसल/बीज हड़प ली। इस लूट से करीब 4000 छोटे-सीमांत किसान प्रभावित हुए हैं। गांधी पार्क से शुरू हुआ मशाल जुलूस चौकी चौराहा होते हुए मंडलायुक्त कार्यालय स्थित शहीद स्थल तक पहुँचा। यहां किसानों ने न्याय की मांग और प्रशासन की संवेदनहीनता के खिलाफ जोरदार नारों के साथ अपनी आवाज बुलंद की। मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, असलम चौधरी, प्रभात गिरी गोस्वामी, उल्फत सिंह कठेरिया, हरवीर सिंह, देवेन्द्र प्रकश, मुकेश वाल्मीकि, रमेश श्रीवास्तव, विनोद कुमार, सतीश चंद्रा, गुरविंदर मनी ,जीतेन्द्र बाबू जगदीश शरण, राकेश गंगवार, मनोज आदि मौजूद रहे।

## अलंकार अग्निहोत्री ने किया नई राष्ट्रीय पार्टी गठन का ऐलान, भाजपा पर बरसे

कार्यालय संवाददाता, बरेली


परशुराम धाम में समर्थकों के साथ अलंकार अग्निहोत्री। ● अमृत विचार

- पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना
- कहा- 20 से 25 दिन में बनाएंगे नई पार्टी, करेंगे आवेदन

**अमृत विचारः** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री रविवार को एक बार फिर बरेली पहुंचे और कैंट स्थित परशुराम धाम में मत्था टेका। इस दौरान उनके समर्थकों की भारी भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंदिर दर्शन के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए अग्निहोत्री ने भाजपा सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर तीखे आरोप लगाए। श्री अग्निहोत्री ने साफ किया कि वे जल्द ही एक नई राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी का गठन करने जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से परामर्श लिया है। अगले 20-25 दिनों के भीतर पार्टी का नाम, संविधान और घोषणापत्र तैयार कर चुनाव आयोग को आवेदन कर दिया जाएगा। उनके अनुसार भाजपा का कोर वोटर अब उनसे अलग हो चुका है और देश को नया राजनीतिक विकल्प चाहिए।

अग्निहोत्री ने 2018 के सुप्रीम कोर्ट के एससी-एसटी एक्ट केस, रुचि तिवारी प्रकरण और अंतरराष्ट्रीय विवादित एपस्टाइन फाइल्स का भी जिक्र करते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की। इसके अलावा उन्होंने अपनी ही बिरादरी के सफेदपोशों पर तीखे कटाक्ष किये।

उन्होंने दावा किया सत्ताधारी पार्टी के कई पदाधिकारी उनके साथ जुड़ने के इच्छुक हैं और पार्टी गठन के बाद उन्हें शामिल किया जाएगा। अलंकार अग्निहोत्री ने कहा कि देश की वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। समय की मांग है कि एक नया विकल्प सामने आए।

## सिटी डायरी

### संत रविदास हिंदू सम्मलेन समिति का नाम अब संत रविदास सेवा समिति



**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में वीर सावरकर नगर की संत रविदास हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति का नाम बदलकर संत रविदास सेवा समिति किया गया है। माधव कृपा छात्रावास में रविवार को समिति की समीक्षा बैठक के साथ आगामी होली के उत्सव की योजना बनाई गई। कार्यक्रम संयोजक योगेंद्र गंगवार ने बताया कि 4 मार्च को हनुमान शाखा पार्क में सुबह 9 बजे से 12 तक रंगोत्सव मनाया जाएगा। होली उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य समिति सदस्यों के परिवारों को आपस में घुलना-मिलना है। समिति कोषाध्यक्ष वरुण अग्रवाल ने कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अजय अग्रवाल, दुर्जेंद्र गुप्ता, संजय शुक्ला, मयंक गोयल, सचिन सक्सेना, आशीष अग्निहोत्री, प्रभाकर श्रीवास्तव, कपिल चंदानी, सौरभ तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**बरेली, अमृत विचार** : आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी सुनील कुमार चित्तौड़ रामपुर से लखनऊ जाते समय बरेली में कुछ देर के लिए रुके। यहां पार्टी और भीम आर्मी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अच्छन अंसारी एडवोकेट, संजीव सागर, राजेंद्र सिंह गुर्जर, वसीम चौधरी, डॉ. मेव खुर्शीद खान, अतुल वाल्मीकि, मनोज सागर, पवन सागर, डॉ. दुर्वेश अली अंसारी, असलम मंसूरी, नईम कुरैशी और मोहम्मद रियाज सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई।



### क्लब सदस्यों ने मिलकर सजाया एक बेटी का आशियाना




**बरेली, अमृत विचार** : इनर व्हील क्लब बरेली जुपिटर ने शनिवार को एक जरूरतमंद कन्या को विवाह के लिए कपड़े, बर्तन, गहने, मेकअप का सामान, पर्स, राशन सहित दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदान की। इस पुनीत कार्य में क्लब की सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और कन्या के उज्ज्वल भविष्य, सुखी वैवाहिक जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। चार्टर प्रेसिडेंट रचना सक्सेना, सीमा, रीना, शिखा, राखी, किरण, ऋचा, अंजलि, ज्योति, झरना, नीरू, शिवानी, अंजू, रेखा, इंदु सेठी, अर्चना, सौंदर्य आदि उपस्थित रहीं।

### हेल्पडेस्क और बीएलओ की सक्रियता पर दिया जोर



**बरेली, अमृत विचार** : कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की बैठक हुई। जिसमें विधानसभावार प्राप्त फॉर्म छह की प्रगति की समीक्षा की और सभी ईआरओ को नए मतदाताओं को जोड़ने, फॉर्म छह की निरंतर अपडेट और जेंडर रेशियो के संतुलन को बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्राप्त फॉर्म छह का समय पर निराकरण किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे। इसके अतिरिक्त, नोटिसों की सुनवाई की प्रगति पर भी चर्चा हुई और सभी सुनवाई केंद्रों पर हेल्पडेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नो मैपिंग मतदाताओं, लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी और शिकायत निवारण कार्य की समीक्षा भी की गई। डीएम ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को बुक ए कॉल पर शत-प्रतिशत संपर्क करने और मतदाताओं की शंकाओं का समाधान करते हुए शिकायतों का त्वरित निस्तारण और जिला स्तरीय अधिकारियों को अतिरिक्त एईआरओ और बीएलओ की कार्यशैली की निगरानी कर लक्ष्य निर्धारित करने और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कहा। एडीएम वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सिजेरियन डिलीवरी पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद डॉ. लता अग्रवाल व सोसायटी की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- बरेली प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी ने रोहिलखंड मेडिकल कालेज में आयोजित किया सम्मेलन
- महिला विशेषज्ञों ने शल्य पूर्व तैयारी और पश्चात देखभाल पर गहन चर्चा की

**अमृत विचार** : बरेली प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसायटी की ओर से रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में रविवार को सिजेरियन सेक्शन के वैज्ञानिक एवं आधुनिक प्रबंधन पर केंद्रित एक उच्च स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम यूपीसीओजी के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। जिसका उद्देश्य स्त्रीरोग विशेषज्ञों को नवीनतम तकनीकों, मानकीकृत शल्य प्रक्रियाओं और व्यावहारिक कौशल से अद्यतन करना था, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और सुदृढ़ किया जा सके। सम्मेलन की नेतृत्व संस्था की अध्यक्ष डॉ. लतिका अग्रवाल ने किया। संरक्षक डॉ. लता अग्रवाल और सचिव डॉ. अनीता नाथ के कुशल मार्गदर्शन एवं सक्रिय समन्वय से पूरा आयोजन प्रभावशाली रहा।

यूपीसीओजी की अध्यक्ष डॉ. सरोज सिंह ने सिजेरियन शल्यक्रिया की मानकीकरण तकनीक पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए सुरक्षित एवं प्रमाण आधारित शल्य पद्धतियों के महत्व को रेखांकित किया। उपाध्यक्ष डॉ. साधना गुप्ता ने शल्यक्रिया पूर्व तैयारी के वर्गीकरण एवं सुधार और शल्य चिह्न की रोकथाम पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. भारती महेश्वरी ने सिजेरियन शल्यक्रिया के संकेत, शल्य समीक्षा तथा पश्चात देखभाल एवं जटिलताओं के प्रबंधन पर शोध आधारित प्रस्तुति दी। दृश्य प्रस्तुति सत्र में संपीड़न टांके तथा चरणबद्ध रक्त प्रवाह नियंत्रण तकनीक का प्रदर्शन किया गया, जिससे जटिल परिस्थितियों के प्रबंधन की स्पष्ट समझ विकसित हुई।

सम्मेलन के दौरान सिजेरियन शल्यक्रिया में चुनौतियों एवं अप्रत्याशित परिस्थितियों के समाधान विषय पर परिचर्चा की गई। साथ ही चिकित्सकीय विधिक विषयों पर खुला मंच भी आयोजित हुआ, जिसका संचालन डॉ. लतिका अग्रवाल ने किया। अंतिम चरण में संपीड़न टांके एवं चयनित गर्भाशय रक्त प्रवाह नियंत्रण पर विशेष कार्यस्थल सत्र आयोजित कर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. अनुजा सिंह, डॉ. आशु सक्सेना और डा. नीला सिंह सहित शहर के तमाम वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहीं। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताते हुए आयोजकों की सराहना की।

## 4.85 लाख बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य

**बरेली, अमृत विचार** : जिले में रविवार से मीजल्स-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है, जो 27 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। यह अभियान जिले के सभी 3797 सरकारी, अनुदानित विद्यालयों व मदरसों में चलाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 4.85 लाख बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

अभियान की कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रत्येक विद्यालय में विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रधानाध्यापक, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रत्येक एएनएम को प्रतिदिन लगभग 100 से 125 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया है। सीएमओ ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित तिथि पर विद्यालय में उपस्थित कराकर एमआर वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

## सिटी ब्रीफ

### नौ जिलों में 872 केंद्रों पर 6,99,999 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में दो दिन का समय रह गया है। क्षेत्रिय सचिव मुन्ने अली ने बताया कि परिक्षेत्र में शामिल बरेली और मुरादाबाद में मंडल के नौ जिलों में 872 केंद्रों पर 6,99,999 लाख विद्यार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जहां सचल दलों का गठन किया जा चुका है। वहीं, क्षेत्रिय कार्यालय में विद्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क बनाई गई है, जिसमें विद्यार्थी परीक्षा से संबंधित समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। क्षेत्रीय सचिव ने बताया कि बरेली में 129, बदायूं में 98, शाहजहांपुर में 126, पीलीभीत में 69, मुरादाबाद में 112, अमरोहा में 68, बिजनौर में 119, रामपुर में 74 और संभल में 77 केंद्र प्रस्तावित हैं। इनमें 3,19,261 विद्यार्थी हाईस्कूल के हैं और 2,80,738 विद्यार्थी इंटरमीडिएट के शामिल हैं।

### खिलाड़ियों ने जीती यलो, ग्रीन, ब्लू, और रेड बेल्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली ताइक्वांडो जिम में रविवार को सेक्रेड हार्ट के-2 वर्ल्ड स्कूल ऑफ ताइक्वांडो की ओर से बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में खिलाड़ियों ने तकनीक, किक, पुमसे, स्पैरिंग और फिटनेस के कठिन मानकों को सफलतापूर्वक पार किया। बेल्ट टेस्ट वर्ल्ड एग्जामिनर अनिल कुमार, शलभ अग्रवाल और शालिनी विश्वकर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। परीक्षा में सफल खिलाड़ियों को विभिन्न बेल्टों से सम्मानित किया गया। येलो बेल्ट में मानस पटेल, प्रियल बिष्ट, अर्पिता, काव्या कन्नौजिया, माहेनूर, अक्षरा चौधरी, अंशिका राजपूत, भवी सिंह, विवान, रुद्राक्ष और इशिका साहू शामिल रहे। ग्रीन बेल्ट में माधव पांडेय, दिव्यांश सिंह, भव्या सक्सेना, श्रद्धा और दिव्यांश सारस्वत सफल हुए, जबकि ग्रीन वन में अक्षत पाठक, वेदांश पाठक, वंश, अथर्व और मान्या ने सफलता प्राप्त की। ब्लू बेल्ट में देव राठौर और सात्विक मिश्रा, ब्लू वन में रचित यादव, रेड बेल्ट में शिव शेखर गुप्ता और फैज तथा रेड वन में आराध्या, विवेक और चित्रांश देव उत्तीर्ण हुए। कोच शालिनी विश्वकर्मा ने बताया कि सभी सफल खिलाड़ी आगामी 32वीं उत्तर प्रदेश नॉर्थ जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर अभ्यास और अनुशासन पर जोर दिया। खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

# रुविवि की प्रगति में शिक्षक और विद्यार्थियों की बड़ी भूमिका

## विद्यार्थियों ने दीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां-रक्तदान शिविर लगा, एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 51 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 51 वां स्थापना दिवस रविवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित अटल सभागार में धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र के कल्चरल क्लब के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मनमोह लिया। रक्तदान शिविर में शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया। 21 यूनिट रक्तदान किया। अतिथियों ने विश्वविद्यालय कैंपस में पौधरोपण किया।

विशिष्ट अतिथि प्रो. डीएस चौहान निदेशक आईसीएमआर जालमा कुष्ठ रोग संस्थान आगरा ने बरेली शहर की यादों को ताजा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति में शिक्षक और विद्यार्थियों की बहुत बड़ी भूमिका है। सहायक कुलसचिव ममता सिंह, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, प्रो. आलोक श्रीवास्तव, प्रो. संजय मिश्रा, प्रो. एसएस बेदी, डॉ. ज्योति पांडे, प्रो. केके माहेश्वरी, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, मीडिया प्रभारी डॉ. विनय वर्मा, तपन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**इन्हें दिया गया बेस्ट रिसर्चर अवार्ड:** विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर पहली बार बेस्ट रिसर्चर अवार्ड दिया गया। प्रो. उपेंद्र कुमार, डॉ. आभा त्रिवेदी, डॉ. विनय ऋषिवाल, प्रो. भोला खान, प्रो. तूलिका सक्सेना, प्रो. नवीन कुमार, डॉ. मीनाक्षी द्विवेदी को यह अवार्ड दिया गया।



स्थापना दिवस पर एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थित अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, कुलपति, शिक्षक और विद्यार्थी। ● अमृत विचार



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### सरकार स्टार्टअप के लिए हर संभव मदद को तैयार : राजेश कुमार पाठक



मुख्य अतिथि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के बोर्ड सचिव राजेश कुमार पाठक ने कहा कि शिक्षा से व्यवसाय के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए जा सकते हैं। सरकार स्टार्टअप के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार है। जिसका लाभ उठाने का अब सही समय है।

### अपने विवेक से सत्य को पहचानें छात्र : प्रो. शेखर कश्यप



मुख्य वक्ता नई दिल्ली के आर्मी अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट प्रो. शेखर कश्यप ने बरेली से अपने परिवार जनों की यादों को ताजा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को समय के साथ अपनी सोच को बदलना होगा। केवल सुनी सुनाई बातों पर विश्वास न करके अपने विवेक से भी सत्य को पहचाने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षा का यही धर्म है कि सत्य को पहचान कर उसका का साथ दें।

### बदलती जीवनशैली में शिक्षा, स्वास्थ्य का महत्व अधिक : प्रो. शालिनी



प्रधान वक्ता राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान की निदेशक आईसीएमआर प्रो. शालिनी सिंह ने कहा कि हमारा देश प्रगति की राह पर है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और संयम का पालन करें। गुरु का सम्मान करें। बदलती जीवनशैली में शिक्षा और स्वास्थ्य का बहुत महत्व है। इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के साथ सीखने का प्रयास करना चाहिए।

### विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बना रहा जॉब क्रिएटर : प्रो. केपी सिंह

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि हमने अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार की जो राह चुनी है, वो हमें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के ओर ले जा रही है। हम सभी ने मिलकर उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के साथ संस्थान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया है। विश्वविद्यालय में केवल शिक्षा ही नहीं दी जाती है बल्कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को जॉब क्रिएटर बनाता है। यहां के विद्यार्थी आगे चलकर जॉब क्रिएटर बन रहे हैं। इनक्यूबेशन सेंटर में लगभग 100 स्टार्टअप पर कार्य चल रहे हैं। विश्वविद्यालय ने पांच गांव को भी गोद लिया है। आंगनबाड़ी केंद्र व नारी निकेतन केंद्रों को भी विश्वविद्यालय की ओर से मदद की जा रही है।

### पांच मेधावियों को दिए स्वर्ण पदक

स्थापना दिवस पर कुलपति प्रो. केपी सिंह व अतिथियों ने पांच मेधावियों को उपाधि प्रमाण पत्र व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। इसमें बिजनौर के आरएसडी कॉलेज की एमए उर्दू की दिव्यांग छात्रा अंसारी फरीदा, रंजीत सिंह मेमोरियल कॉलेज धामपुर बिजनौर के एमएससी हॉर्टिकल्चर के छात्र हर्ष सैनी व इसी महाविद्यालय की एमएससी एग्रोनॉमी की छात्रा आकांक्षा को गोल्ड मेडल व उपाधि प्रमाण पत्र दिया गया। एमफॉर्मा-2024 के टॉपर विश्वविद्यालय कैंपस के चरनजीत व एमएससी बायोटेक्नोलॉजी की टॉपर केसीएमटी के गुलसमन नईम अंसारी को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत

स्थापना दिवस पर संजना सिंह को विवेकानंद युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया, इसमें सुधांश शुर्मा, मयंक अग्रवाल, इफ्तेखार आदिल, सचिन, सुधाकर, कमल सिंह, प्रसन्नजीत, बंसत, रविंद्र श्रीवास्तव, संजीव कुमार, सुमन सिंह, सुनील चंद्र, प्रदीप, यादराम, अर्जुन आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से निकली शिव बरात, भोलेनाथ के जयकारे गूंजे



सदर बाजार से निकली शोभायात्रा में शामिल झांकी।



भाईचारा रैली में बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने भाग लिया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिव बरात में झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर सात नाथ मंदिरों में बाबा त्रिवटीनाथ, अलखनाथ, वनखंडीनाथ, धोपेश्वर नाथ, पशुपतिनाथ, तपेश्वरनाथ और मढ़ीनाथ व कालीबाड़ी के कालीमाता मंदिर से भव्य शिव बरात निकाली गई। डमरू की थाप, बैंड-बाजों और आकर्षक झांकियों के साथ निकली शिव बरात में शिव-पार्वती स्वरूपों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था में आंशिक बदलाव किया गया।

### महाशिवरात्रि पर महाकाल भारतीय सेना ने काली देवी मंदिर से निकाली भाईचारा रैली

**बरेली, अमृत विचार :** श्री महाकाल भारतीय सेना की ओर से माता काली देवी मंदिर कालीबाड़ी से महाशिवरात्रि के अवसर पर भाईचारा रैली निकाली। रैली त्रिवटी नाथ मंदिर, बनखंडी नाथ मंदिर होते हुए सैटेलाइट पहुंची। वहां बाबा धोपेश्वर नाथ मंदिर होते हुए काली माता मंदिर कालीबाड़ी पहुंचकर पूरी हुई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रैली के संयोजक अनिकेत शर्मा, समर्थ मिश्रा, अविनाश मिश्रा, मानव राजपूत, कुंज बिहारी राजपूत, कृष्ण प्रजापति, रोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने करायी रुद्रपूजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर रविवार को राजेंद्र नगर स्थित बांके बिहारी मंदिर में रुद्र पूजा का भव्य आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के बेंगलुरु आश्रम से आए स्वामी केशवानंद के सान्निध्य में पंडित रोहित एवं धनंजय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई।

कार्यक्रम का शुभारंभ आर्ट ऑफ लिविंग की श्वेता कुनार ने किया। बड़ी संख्या में साधक एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। सौरभ, मोहित, संदीप, मधु, अनीता, सुनीता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में शाहजहांपुर में भी धर्मेंद्र शर्मा और शेफाली शर्मा के यहां रुद्र पूजा आयोजित की गई।



रुद्रपूजा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु। ● अमृत विचार



राजेंद्र नगर स्थित बांके बिहारी मंदिर में भव्य रुद्र पूजा की गई। ● अमृत विचार

# गलतफहमियों के ताने-बाने से गूंजे ठहाके

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम उस समय ठहाकों से गूंज उठी, जब "विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान, प्रयागराज" के कलाकारों ने बहुचर्चित हास्य नाटक "दूल्हा भाई" का मंचन किया। मूल रूप से मराठी भाषा के इस प्रसिद्ध नाटक का हिंदी रूपांतरण गंगाधर परांजपे द्वारा किया गया है। जिसे संस्थान के कलाकारों ने अपनी जीवंत अदाकारी से यादगार बना दिया।



एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार।

- रिद्धिमा में हुआ हास्य नाटक 'दूल्हा भाई' का भव्य मंचन

नाटक की कहानी एक मध्यमवर्गीय परिवार की है, जहां बेटी के विवाह को लेकर माता-पिता की अलग-अलग योजनाएं भारी मुसीबत बन जाती हैं। कथानक उस समय रोचक मोड़ लेता है, जब पति और पत्नी, एक-दूसरे से छिपाकर, अपनी-अपनी पसंद के लड़कों को बेटी देखने के लिए एक ही समय पर आमंत्रित कर बैठते हैं। जैसे ही दोनों पक्ष के लोग एक साथ घर में आते हैं, मंच पर 'कॉमेडी ऑफ एरर्स' (भूल-चूक) का जो सिलसिला शुरू होता है। उसने दर्शकों को पेट पकड़कर हंसने पर मजबूर कर दिया। नाटक के 'स्वप्न दृश्य' विशेष रूप से प्रभावी रहे, जिसने कथानक में फैंटेसी और रियलिटी का एक अनूठा मिश्रण पेश किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमेन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# देशज संगीत में रचे 'बिदेसिया' के साथ विंडरमेयर फेस्टिवल संपन्न

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल के सातवें और अंतिम दिन देशज भोजपुरी संगीत से सजे नाटक "बिदेसिया" की प्रस्तुति ने दर्शकों को साथ-साथ गाने-गुनगुनाने, हंसने-हंसाने और रोने-सुबकने का मौका दिया। पटना से आए निर्माण कला मंच के कलाकारों ने विंडरमेयर में अपनी तरह के इस अनूठे संगीतमयी नाटक की 783वीं प्रस्तुति दी। भोजपुरी के मशहूर लोक कलाकार, रंगकर्मी और नवजागरण के संदेशवाहक भिखारी ठाकुर के लिखे इस नाटक का संगीत, परिकल्पना और निर्देशन वरिष्ठतम रंगकर्मियों में से एक संजय उपाध्याय ने किया है।

नाटक "बिदेसिया" में दोस्त की सलाह पर रोजी-रोटी की तलाश में



विंडरमेयर में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

कलकत्ता पहुँचा नायक अपने पीछे नायिका को अकेला छोड़ गया है। शहर पहुंचकर फिर वही हुआ जो अक्सर होता रहा है। न कोई खत, न कोई खबर, ना संदेश। नायिका रोती है नायक की याद में। करे तो क्या करे? बटोही बाबा से मिन्नत करती है। जैसे-तैसे बटोही परदेस पहुंचा, तो पता चला कि नायक को कोई और मिल गई है, दूसरा ब्याह रचा लिया है उसने। और तो और, दो बच्चे भी हैं। ख़ैर, किसी तरह वो घर वापस आया है। मगर कुछ ही दिन बाद दरवाजे पर दस्तक होती है। देखा तो दूसरी वाली आन पहुंची है। अब पहली और दूसरी आमने-सामने। रोजी-रोटी के लिए पलायन की मजबूरी, विरह की तड़प, सौतनों का आमना-सामना..., "बिदेसिया" ने लोककला के माध्यम से गाते-बजाते यह सारे दृश्य विंडरमेयर के मंच पर सजा दिए।

- सात दिनों तक देशभर से आए नाटकों का हुआ मंचन
- लोककलाओं से लेकर नए प्रयोग तक देखने को मिले

रोहित चंद्रा और स्पर्श मिश्रा ने सूत्रधार, राजू मिश्रा ने बिदेसी, शारदा सिंह ने प्यारी सुंदरी, ज़फ़्फ़र आलम ने बटोही, रूबी खातून ने रखेलिन, राहुल रंजन ने जोकर, कृष्ण ने बुढ़िया, रूपाली और कृष्ण कुमार ने बेटा, कृष्ण कुमार ने देवर, अभिषेक शर्मा, ब्रजराज, रणधीर कुमार, कृष्ण कुमार ने समाजी की भूमिकाएं निभाईं। इस संगीतमयी प्रस्तुति में हारमोनियम पर रोहित चन्द्र, ढोलक पर राजेश रंजन, झाल और इफेक्ट पर अभिषेक राज ड्रामेबाज़, क्लैरिनेट पर मोहम्मद नूर ने समां बांध दिया। हरिशंकर रवि ने प्रकाश संयोजन किया।

विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल के इस 16वें संस्करण में पदातिक थिएटर (कोलकाता) का "रात काफी हो चुकी", रंग विनायक रंगमंडल (विंडरमेयर थिएटर, बरेली) का "ट्रेडमिल", डी फॉर ड्रामा (मुंबई) का "कौमुदी" और "खिचिक", अर्थ थिएटर (मुंबई) का "बोरो होर मर चुका है" और साइक्लोरामा (मुंबई) का "ठेके पर मुशायरा" का मंचन हुआ। अंतिम दिन "बिदेसिया" के मंचन के बाद दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश्वर सिंह ने सभी कलाकारों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विंडरमेयर थिएटर ग्रांट के तहत युवा कलाकारों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। वे विंडरमेयर थिएटर के साथ मिलकर नाटक बना सकेंगे और देशभर में मंचन कर सकेंगे।

# मेडिकल कॉलेज में हुई भजन संध्या, झांकियों ने मन मोहा

- छात्र-छात्राओं ने शिव-पार्वती स्वरूप में सुसज्जित होकर भक्तिमय कर दिया वातावरण
- अनेक भक्ति नाटक, नृत्य एवं गीत भी प्रस्तुत किये, आरती के बाद प्रसाद वितरित किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी परिसर स्थित रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के फैकल्टी, छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ ने सामूहिक रूप से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने शिव-पार्वती के रूप में सुसज्जित होकर विभिन्न प्रकार के भक्ति नाटक, झांकियां, नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के अंत में आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति पठानिया, डॉ. शालिनी चंद्रा, डॉ. आशुतोष दोकानिया, डॉ. मिथिला बिष्ट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ कर्मियों ने भाग लिया। ● अमृत विचार



भजनों की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं व अन्य। ● अमृत विचार

# मातृ-पितृ पूजन दिवस उत्साह के साथ मनाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के जनकपुरी स्थित प्रभात नगर पार्क में 'मातृ-पितृ पूजन दिवस' श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पाश्चात्य प्रभाव के बीच भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बच्चों ने अपने माता-पिता का तिलक, पुष्पमाला और परिक्रमा कर विधि-विधान से पूजन किया। इसके बाद सामूहिक आरती हुई और माता-पिता ने बच्चों को आशीर्वाद देकर संस्कारित जीवन जीने का संकल्प दिलाया। भावनात्मक माहौल में कई परिवारों की आंखें नम हो उठीं। कार्यक्रम में संत श्री आशारामजी आश्रम ट्रस्ट, श्री योग वेदांत सेवा समिति, महिला उत्थान मंडल, युवा सेवा संघ, बाल संस्कार विभाग सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग रहा। अंत में मिष्ठान वितरण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। आयोजकों ने इसे पारिवारिक एकता और भारतीय संस्कारों को सशक्त बनाने की सकारात्मक पहल बताया।



प्रभात नगर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार